समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# आंख के बदले आंख : तुर्किए को पाकिस्तान को हथियार देने की पड़ेगी भारी कीमत, ग्रीस की सैन्य ताकत बढ़ाएगा भारत।

Publisher
Published on 09 Jun 2025



## आंख के बदले आंख : तुर्किए को पाकिस्तान को हथियार देने की पड़ेगी भारी कीमत, ग्रीस की सैन्य ताकत बढ़ाएगा भारत।

**नई दिल्ली : तुर्किए** को पाकिस्तान को हथियार सप्लाई करने की अब भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत ने **आंख के बदले आंख** की रणनीति अपनाते हुए **तुर्किए के कट्टर दुश्मन ग्रीस और साइप्रस** को सैन्य रूप से मजबूत करने की योजना बना ली है। इस बात का खुलासा भारतीय सेना के पूर्व मेजर जनरल **गुडरीच डी बख्शी (G.D. Bakshi)** ने किया है।

जनरल बख्शी ने ग्रीक वेबसाइट Directus से बातचीत में कहा कि भारत **ग्रीस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, आकाश एयर डिफेसं सिस्टम और पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर** बेचने का प्रस्ताव रख चुका है। उन्होंने कहा कि इन हथियारों की युद्ध में अद्भुत परफॉर्मेंस रही है और इनका कोई इंटरसेप्ट नहीं कर सकता।

**तुर्किए के मंसूबों पर पानी फेरेगा भारत**

ज**नरल बख्शी** ने साफ कहा कि **तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन** पाकिस्तान को **ड्रोन्स, हथियार** और **मिसाइल सिस्टम** सप्लाई कर भारत के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। लेकिन अब भारत तुर्किए को उसी की भाषा में जवाब देगा।

उन्होंने कहा कि **ग्रीस** और **साइप्रस** को भारत के आधुनिक हथियार मिलने के बाद पूर्वी भूमध्य सागर में भारत की मौजूदगी से तुर्किए के लिए बड़ी चुनौती खड़ी हो जाएगी। अगर भविष्य में तुर्किए का **ग्रीस** या **साइप्रस** के साथ कोई सैन्य टकराव होता है तो भारतीय हथियार इन देशों को तुर्किए को करारा जवाब देने में सक्षम बनाएंगे।

**ग्रीस को मिल सकते है भारतीय ब्रह्मोस, आकाश और पिनाका सिस्टम**

जनरल बख्शी ने बताया कि भारत ने आठ टैंक भी विकसित किए हैं जिन्हें तोपखाना प्रणाली में शामिल किया गया है। ये भारतीय हथियार तुर्किए के तेल निकालने में सक्षम हैं।

जनरल बख्शी ने कहा, "तुर्किए ने पाकिस्तान को दो मोबाइल कमांड एंड कंट्रोल सेंटर समेत कई ड्रोन्स और हथियार सप्लाई किए थे। भारत ने पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस को तबाह कर दिया। अब तुर्किए पाकिस्तान को जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलें देने की तैयारी में है क्योंकि चीन की मिसाइलें भारत के सामने फेल हो चुकी हैं।"

**एर्दोगन की महत्वाकांक्षा बनेगी तुर्किए के लिए सिरदर्द**

जनरल बख्शी ने कहा कि तुर्किए के **राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन** पूरे मुस्लिम वर्ल्ड के खलीफा बनने का सपना देख रहे हैं। वे ऑटोमन साम्राज्य को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि **तुर्किए की अर्थव्यवस्था** संकट में है, एर्दोगन घरेलू राजनीतिक समस्याओं से जूझ रहे हैं और खुद को मुस्लिम दुनिया का नया केंद्र बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

भारत की इस नई रणनीति से साफ है कि अब **भारत पाकिस्तान** और उसके सहयोगी देशों की हर हरकत का जवाब सैन्य और रणनीतिक स्तर पर देगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.